Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Tue - 09 Jun - 2026 | Year - 01 | Issue - 64 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# ऊर्जा अवसंरचना की सुरक्षा पर पंजाब पुलिस सख्त: तेल एवं गैस कंपनियों की शिकायतों पर होगी तत्काल कार्रवाई




चंडीगढ़, 9 जून:पंजाब में तेल एवं गैस क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित छठी ऑनशोर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी (ओएससीसी) की बैठक में पंजाब पुलिस ने स्पष्ट किया है कि तेल एवं गैस कंपनियों की सुरक्षा संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह उच्चस्तरीय बैठक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) सुरक्षा डॉ. कौस्तुभ शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव की ओर से बैठक का नेतृत्व किया।

बैठक में पंजाब पुलिस, खुफिया एजेंसियों, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा विभिन्न तेल एवं गैस कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें गेल, ओएनजीसी, इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, एचएमईएल, थिंक गैस और टोरेंट गैस जैसी प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

बैठक के दौरान कंपनियों ने अपने परिचालन कार्यों तथा पाइपलाइन बिछाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों को विस्तार से रखा। इन चुनौतियों पर गंभीरता से विचार करते हुए एडीजीपी डॉ. कौस्तुभ शर्मा ने जिला स्तर पर नियुक्त नोडल पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि तेल एवं गैस कंपनियों से प्राप्त हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि गैस पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने या उनके आसपास असुरक्षित गतिविधियों को बेहद गंभीर अपराध माना जाना चाहिए। गैस रिसाव जैसी घटनाएं बड़े हादसों, आग लगने और जनहानि का कारण बन सकती हैं। इसलिए ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. शर्मा ने तेल एवं गैस कंपनियों को सलाह दी कि किसी भी आपात स्थिति में बिना देरी किए '112' आपातकालीन हेल्पलाइन या संबंधित जिला पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क करें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्यभर के पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को तेल एवं गैस से जुड़ी आपात परिस्थितियों की संवेदनशीलता और गंभीरता के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षित और जागरूक किया जाएगा, ताकि संकट की स्थिति में तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके।

बैठक में पिछली ओएससीसी बैठक के निर्णयों पर हुई प्रगति की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला, कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा इससे उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि कीमतों में वृद्धि से जन असंतोष और कालाबाजारी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं, जिसके मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

प्रतिभागियों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) अधिनियम, पेट्रोलियम एवं खनिज पाइपलाइन अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के संबंधित प्रावधानों पर विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई। बैठक में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों और तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा अपनाई जा रही सर्वोत्तम सुरक्षा कार्यप्रणालियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## आंध्र प्रदेश की राज्य सूचना आयुक्त ने पंजाब राज्य सूचना आयोग का किया दौरा



चंडीगढ़, 9 जून: आंध्र प्रदेश की पहली महिला आरटीआई आयुक्त डॉ. शेख रेहाना बेगम ने सोमवार को पंजाब राज्य सूचना आयोग मुख्यालय, चंडीगढ़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब के राज्य सूचना आयुक्तों डॉ. भूपिंदर सिंह बाठ, हरप्रीत संधू और वरिंदरजीत सिंह बिलिंग के साथ सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में आरटीआई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और आयोगों के कार्यों में नवाचार अपनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

## पंजाब में कर चोरी पर बड़ा प्रहार: 145 से अधिक वाहन पकड़े गए, 4.35 करोड़ रुपये का माल जब्त; 2.5 करोड़ रुपये से अधिक जुर्माने की संभावना



चंडीगढ़, 9 जून 2026:पंजाब सरकार ने कर चोरी और फर्जी बिलिंग के खिलाफ अपने अभियान को और तेज करते हुए लोहे एवं इस्पात क्षेत्र में एक बड़ी प्रवर्तन कार्रवाई को अंजाम दिया है। पंजाब के वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को खुलासा किया कि राज्य के कर विभाग द्वारा मंडी गोबिंदगढ़ और खन्ना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 145 से अधिक वाहनों को रोककर उनकी जांच की गई तथा लगभग 4.35 करोड़ रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया। इस कार्रवाई के बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2.5 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाए जाने की संभावना है।

एक प्रेस बयान जारी करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह व्यापक अभियान विशेष रूप से फर्जी बिलिंग नेटवर्कों को ध्वस्त करने और बिना वैध दस्तावेजों के माल ढुलाई पर रोक लगाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।

## पंजाब में सार्वजनिक परिवहन को मिली नई रफ्तार: वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दिल्ली एयरपोर्ट के लिए 5 नई वोल्वो बसों को दिखाई हरी झंडी

चंडीगढ़, 9 जून:पंजाब के वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को पंजाब रोडवेज की सहायक इकाई पनबस (Punbus) की पांच नई सुपर इंटीग्रल वोल्वो कोच बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये अत्याधुनिक बसें जालंधर और लुधियाना से दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच संचालित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय यात्रियों, प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) तथा आम यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह सेवा अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और आम जनता के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी तथा राज्य में परिवहन माफिया की



गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने में भी सहायक बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जनकल्याण और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट बस सेवा की शुरुआत 15 जून 2022 को जालंधर बस स्टैंड से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और तत्कालीन दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा की गई थी। इस सेवा को यात्रियों से मिले व्यापक समर्थन के बाद अब इसे और विस्तार दिया जा रहा है।

परिवहन मंत्री ने घोषणा की कि आम जनता और एनआरआई समुदाय की सुविधा के लिए परिवहन विभाग पनबस बेड़े में कुल 15 नई सुपर इंटीग्रल कोच बसें शामिल कर रहा है। इनमें से पहली पांच बसें आज शुरू की गई हैं, जबकि शेष बसें जल्द ही सेवा में शामिल होंगी, जिससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और अधिक सुविधाएं मिलेंगी।बसों के संचालन संबंधी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जालंधर बस स्टैंड से प्रतिदिन सुबह 6:50, 7:40, 9:10 बजे तथा दोपहर 2:27 और रात 11:30 बजे बसें रवाना होंगी।

## नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पंजाब पुलिस का बड़ा कदम



चंडीगढ़, 9 जून:पंजाब को नशा-मुक्त बनाने की मुहिम को और अधिक प्रभावी एवं तकनीक-संचालित स्वरूप प्रदान करते हुए पंजाब पुलिस ने एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की क्षमताओं में महत्वपूर्ण विस्तार किया है। इसी कड़ी में पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को एसएएस नगर स्थित एएनटीएफ पुलिस स्टेशन में नवस्थापित अत्याधुनिक स्पेशल इंटेलिजेंस एंड टेक्निकल यूनिट (एसआईटीयू) सहित कई आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया। यह पहल राज्य में नशा तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक मजबूत तथा प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

इस अवसर पर स्पेशल डीजीपी एएनटीएफ कुलदीप सिंह और एडीजीपी एएनटीएफ नीलभ किशोर भी उपस्थित रहे। डीजीपी ने एएनटीएफ पुलिस स्टेशन में स्थापित क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) कक्ष, अत्याधुनिक पूछताछ कक्ष, एमएचसी कक्ष तथा डीएसपी कार्यालय का भी उद्घाटन किया।

गौरतलब है कि अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा उद्घाटित एएनटीएफ पुलिस स्टेशन, एसएएस नगर को अब एक उन्नत जांच एवं खुफिया केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह केंद्र न केवल नशा-विरोधी अभियानों का संचालन करेगा, बल्कि आधुनिक तकनीक की मदद से खुफिया जानकारी एकत्रित करने और तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि नई तकनीकी सुविधाओं के शुरू होने से वैज्ञानिक जांच, डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण, तकनीकी निगरानी, खुफिया सूचनाओं के संग्रहण तथा आपराधिक डेटाबेस तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी। इससे नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों की जांच अधिक सटीक, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने तकनीक-आधारित नशा-विरोधी कानून प्रवर्तन प्रणाली विकसित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान 11.50 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

बुनियादी ढांचे के विस्तार का उल्लेख करते हुए डीजीपी ने बताया कि पटियाला|



# ‘प्रोजेक्ट जीवनजोत’ से बदली 1163 बच्चों की जिंदगी: पंजाब सरकार का बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ बड़ा अभियान





चंडीगढ़, 9 जून:मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बच्चों को भिक्षावृत्ति जैसी गंभीर सामाजिक बुराई से मुक्त कर उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर-26 स्थित मगसीपा, चंडीगढ़ में "प्रोजेक्ट जीवनजोत – भीख मांगने में शामिल बच्चों के बचाव एवं पुनर्वास" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यशाला में जानकारी दी गई कि जुलाई 2024 से शुरू किए गए प्रोजेक्ट जीवनजोत के तहत अब तक 1163 बच्चों को रेस्क्यू कर शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। यह उपलब्धि बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अपने संबोधन में डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि प्रोजेक्ट जीवनजोत केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बच्चों को मजबूरी, शोषण और उपेक्षा के चक्र से बाहर निकालकर उन्हें नई संभावनाओं से जोड़ने वाला सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा जन्म से भिखारी नहीं होता, बल्कि परिस्थितियां उसे इस स्थिति तक पहुंचाती हैं। ऐसे बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

परियोजना की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में अब तक 2067 विशेष जांच एवं बचाव अभियान चलाए गए हैं। इन अभियानों के दौरान 1163 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा 15 बच्चों के डीएनए परीक्षण कर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया गया, 409 बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाकर शिक्षा से जोड़ा गया, 54 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिला और 15 बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा गया।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि भिक्षावृत्ति में शामिल बच्चे अक्सर बाल श्रम, मानव तस्करी, नशे की लत और अन्य आपराधिक गतिविधियों के जोखिम में रहते हैं। इसलिए सरकार का उद्देश्य केवल उनका बचाव करना नहीं, बल्कि उनके संपूर्ण विकास और सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने लाभार्थी बच्चों और उनके परिवारों से संवाद किया तथा उनके अनुभव सुने। इस अवसर पर प्रोजेक्ट जीवनजोत पर आधारित आधिकारिक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की गई।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक डॉ. शेना अग्रवाल ने कहा कि यह परियोजना बच्चों को सड़क से स्कूल तक पहुंचाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रभावी माध्यम बन रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों, पुलिस, मीडिया और सामाजिक संगठनों के सहयोग को इस अभियान की सफलता का आधार बताया।

कार्यशाला में बाल संरक्षण विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. दमनजीत संधू ने ऐसे बच्चों पर पड़ने वाले मानसिक और भावनात्मक प्रभावों तथा उनकी काउंसलिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## 650वें प्रकाश पर्व पर पंजाब सरकार की व्यापक तैयारियां, वाराणसी के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की मांग



चंडीगढ़, 9 जून 2026: पंजाब सरकार ने श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक और जनभागीदारी वाला आयोजन बनाने के लिए व्यापक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। इसी कड़ी में पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र सरकार को स्मरण पत्र भेजकर पंजाब से सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी स्थित श्री गुरु रविदास जी महाराज जन्मस्थान मंदिर तक विशेष रेलगाड़ियां चलाने की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु प्रकाश पर्व के अवसर पर दर्शन कर सकें।

## पुरुषोत्तम मास में मां गंगा तट पर गूंज रही श्रीमद्भागवत कथा, उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था



हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार के श्रवणनाथ नगर स्थित मुल्तान भवन में 8 से 15 जून 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जयपुर निवासी शर्मा परिवार के सौजन्य से आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

कथा का शुभारंभ महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा मां माया देवी मंदिर से प्रारंभ होकर बिरला घाट होते हुए मुल्तान भवन में पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके बाद भागवत महात्म्य एवं श्रीमद्भागवत के अवतरण प्रसंग के साथ कथा आरंभ हुई।

## अमृतसर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम: सीमा पार से जुड़े मॉड्यूल के दो सदस्य दो हैंड



चंडीगढ़/अमृतसर, 9 जून:पंजाब को सुरक्षित और आतंकवाद-मुक्त बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से एक बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त अभियान के दौरान सीमा पार से संचालित एक आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं, जो राज्य में शांति और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की संभावित साजिश की ओर संकेत करते हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दविंदर सिंह निवासी गांव चूंघ, जिला तरनतारन और राजविंदर सिंह निवासी सुरसिंह, तरनतारन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड बरामद करने के अलावा उनकी हुंडई वर्ना कार भी जब्त कर ली है।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी विदेशी हैंडलरों के सीधे संपर्क में थे और उनके निर्देशों के अनुसार काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हैंड ग्रेनेडों की बरामदगी इस बात का संकेत है कि सीमावर्ती राज्य पंजाब में शांति भंग करने और किसी बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की साजिश रची जा रही थी।

## स्ट्रीट वेंडरों और आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिला राष्ट्रीय लोकदल का शिष्टमंडल



चंडीगढ़, 9 जून 2026। शहर में आम नागरिकों और स्ट्रीट वेंडरों को दरपेश विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) चंडीगढ़ प्रदेश इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक महामहिम गुलाब चंद कटारिया से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विभिन्न जनहित मुद्दों के साथ-साथ रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं की आजीविका से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

बैठक के दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि चंडीगढ़ में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर अपने परिवारों का भरण-पोषण करने के लिए छोटे स्तर पर व्यवसाय कर रहे हैं। हालांकि, उन्हें रोजमर्रा के कार्यों के दौरान अनेक प्रशासनिक, तकनीकी और अन्य प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# पहलगाम हमले की भावनात्मक पृष्ठभूमि पर आधारित है निकाशा लूथरा का नया उपन्यास ‘लॉस्ट एंड फाउंड इन कश्मीर’

चंडीगढ़, 9 जून 2026: युवा लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्देशक निकाशा लूथरा ने अपने नवीनतम उपन्यास 'लॉस्ट एंड फाउंड इन कश्मीर' के विमोचन की घोषणा की है। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान 19 वर्षीय निकाशा ने बताया कि यह उपन्यास कश्मीर की पृष्ठभूमि में मानवीय भावनाओं, संघर्षों और उम्मीदों की कहानी को प्रस्तुत करता है। इससे पहले वह 'डार्क ट्यूलिप्स' नामक कविता संग्रह और 'फ्लावर्स इन हर रूम' नामक लघु नाटकों के संग्रह का लेखन कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने 'अनकहे ख़्वाब' और 'सहर की तलाश में' फिल्मों का लेखन एवं निर्देशन भी किया है।

निकाशा ने बताया कि 270 पृष्ठों के इस उपन्यास को पूरा करने में लगभग दो वर्ष का समय लगा। पुस्तक का प्रकाशन अनंता प्रेस द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की घटना ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया था। इस घटना के बाद उनके मन में उन लोगों के जीवन को लेकर अनेक प्रश्न उठे, जिनकी दुनिया एक पल में बदल गई, जिनके सपने अधूरे रह गए और जिनकी पीड़ा अक्सर शब्दों में व्यक्त नहीं हो पाती। यही भावनाएं इस उपन्यास की प्रेरणा बनीं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एक काल्पनिक कथा है, लेकिन इसके पात्र और परिस्थितियां वास्तविक मानवीय अनुभवों से जुड़ी हुई हैं। उपन्यास के मुख्य पात्र हीर और कबीर हिंसा, बिछड़ाव और व्यक्तिगत क्षति के बाद उत्पन्न होने वाली भावनात्मक चुनौतियों का सामना करते हैं। उनकी यात्रा के माध्यम से कहानी यह दर्शाती है कि त्रासद घटनाएं किस प्रकार सामान्य लोगों के जीवन को प्रभावित करती हैं और उन्हें भीतर से बदल देती हैं।

पत्रकार वार्ता के दौरान निकाशा ने पुस्तक के कुछ अध्यायों पर आधारित एक लघु चलचित्र की झलक भी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि कश्मीर केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं है, बल्कि वहां संघर्ष, इतिहास और अनकहे दर्द की परतें भी मौजूद हैं। यही कारण है कि कश्मीर इस उपन्यास में केवल एक स्थान नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण पात्र के रूप में उभरकर सामने आता है।

निकाशा ने कहा कि हिंसा और संवेदनशील विषयों पर लिखते समय उनकी प्राथमिकता मानवीय भावनाओं को केंद्र में रखना रही। उन्होंने हिंसा को सनसनीखेज बनाने के बजाय उसके मानसिक और सामाजिक प्रभावों को दर्शाने का प्रयास किया है। उनके अनुसार यदि यह पुस्तक पाठकों में संवेदनशीलता, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान बढ़ाने में सफल होती है, तो वे अपने प्रयास को सार्थक मानेंगी।



# सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग के आरोपों के बीच राष्ट्रीय लोकदल ने उठाए जनहित के मुद्दे, राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल

चंडीगढ़, 9 जून 2026। चंडीगढ़ में एक ओर सोशल मीडिया के दुरुपयोग और कथित ब्लैकमेलिंग का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर शहर की जनसमस्याओं को लेकर राजनीतिक गतिविधियां भी तेज़ होती दिखाई दीं। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रफ्तार राय पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बीच राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के एक शिष्टमंडल ने पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर शहरवासियों और स्ट्रीट वेंडरों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

जानकारी के अनुसार, सेक्टर-22 स्थित वाह प्रोडक्शन के संचालक लवप्रीत सिंह उर्फ हरमन ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रफ्तार राय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हरमन का कहना है कि रफ्तार राय उनके नाम को विभिन्न इमिग्रेशन कंपनियों के साथ जोड़कर सोशल मीडिया पर उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बदनाम करने की धमकी देकर हर महीने 50 हजार रुपये देने का दबाव बनाया जा रहा है। हरमन के अनुसार, पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनके खिलाफ लगातार पोस्ट और टिप्पणियां साझा की जा रही हैं, जिससे उनकी व्यावसायिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

इसी बीच, राष्ट्रीय लोकदल चंडीगढ़ प्रदेश इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल एवं प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विभिन्न जनहित मुद्दों के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडरों (रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं) को आ रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि शहर में हजारों परिवार अपनी आजीविका के लिए स्ट्रीट वेंडिंग पर निर्भर हैं, लेकिन उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं, स्थान निर्धारण, लाइसेंसिंग तथा अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि इन चुनौतियों के कारण अनेक छोटे कारोबारियों और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं, रोजगार और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को भी राज्यपाल के समक्ष रखा गया।

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उचित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनहित से जुड़े मामलों के प्रति संवेदनशील है और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विद्या शंकर पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राममिलन गौड़, प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास धवन तथा उत्तर प्रदेश वेलफेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। शहर में जहां एक ओर सोशल मीडिया की जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं को लेकर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की सक्रियता भी बढ़ती नजर आ रही है।



herbegy™
Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.